दिनांक : 23/06/2026 समय :07.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा भारत तेजी से विकसित हो रही भरोसेमंद अर्थव्यवस्था वाला देश बना।
2. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रभारी मंत्रीयों को दिए निर्देश, स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालयों पर  विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें।
3. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आज से शुरू होगा विशेष पखवाखा, प्रदेश में आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम।
4. प्रदेश में मानसून के 25 जून के बाद प्रवेश के आसार

अब समाचार विस्तार से:–

**प्रधानमंत्री- रिपब्लिक सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत तेजी से विकसित हो रही भरोसेमंद अर्थव्यवस्था और विश्वसनीय शक्ति है। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में एक निजी मीडिया हाउस द्वारा आयोजित सम्मेलन में कहा कि पिछले दशक में भारत की उपलब्धियां राष्ट्र प्रथम की भावना से निदेर्शित रही हैं। प्रधानमंत्री ने जी-7 शिखर सम्मेलन में अपनी हाल की भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व नेताओं ने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत के प्रति भारत की अटल प्रतिबद्धता को समझा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की चेतना में सदियों से सहेजी गई स्मृतियां जीवंत हैं। वर्तमान में उठाये गए कदम अगले हजार वर्षों के लिए भविष्य को आकार देंगे।

**मुख्यमंत्री बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालयों पर होने वाले कार्यक्रमों में जिलों के प्रभारी मंत्री, जिलों में हुए विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेंगे। समारोह स्थल पर विकास कार्यों और योजनाओं को जनसामन्य के सामने रखने के लिए प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल मंत्रालय में योजना, आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि जिला विकास समितियों का राजधानी भोपाल में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला विकास समितियां विकास गतिविधियों के लिए शासकीय नियोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

**केंद्रीय मंत्री दौरा**

केंद्रीय सूचना-प्रसारण और संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कल भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

**यूसीसी बैठक**

समान नागरिक संहिता का प्रारूप तैयार करने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों ने कल भोपाल में राज्य स्तरीय बैठक में व्यक्तियों, संस्थाओं, शासकीय विभागों, राजनैतिक दल, धर्म गुरुओं सहित विभिन्न आयोगों के प्रतिनिधियों की राय जानी। इस अवसर पर उपस्थित राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों ने प्रमुख रूप से विवाह, विवाह विच्छेद, संतान, दत्तक नियम जैसे विभिन्न विषयों पर राय दी।

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी पखवाड़ा**

प्रदेश में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि आज से उनकी जयंती **6** जुलाई तक विशेष पखवाखा आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल महापौर और नगरपालिका अध्यक्षों से वी.सी. के माध्यम से बात चीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का मानना था कि युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने युवाओं को नेतृत्व, शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित किया। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होने कहा कि पखवाड़े के दौरान युवा सम्मेलन, निबंध प्रतियोगिता और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इससे नई पीढ़ी को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

**आदिरंग शिल्पकार महोत्सव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल अचारपुरा में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्यप्रदेश और वन्या, जनजातीय कार्य विभाग, द्वारा आयोजित आदिरंग शिल्पकार महोत्सव **2026** समापन समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव महोत्सव के दौरान जनजातीय शिल्पकारों द्वारा विकसित नवाचारपूर्ण उत्पादों एवं डिजाइन हस्तक्षेपों की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

**"गोल्डन ऑवर हीरो**

नरसिंहपुर पुलिस द्वारा शुरू की गई "गोल्डन ऑवर हीरो" अभिनव पहल ने जिले में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। इस अभियान के प्रभाव से जनवरी से मई 2026 की अवधि में सड़क दुर्घटनाओं में 33 प्रतिशत, मृत्यु दर में 23 प्रतिशत तथा गंभीर घायलों की संख्या में 52 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है।

पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना के बाद का पहला घंटा अर्थात "गोल्डन ऑवर" घायल व्यक्ति के जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए नरसिंहपुर पुलिस द्वारा राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे स्थित ढाबों, पेट्रोल पंप संचालकों तथा स्थानीय ग्रामीणों को चिन्हित कर उन्हें सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**सिंहस्थ-**2028

उज्जैन में अगले वर्ष **2028** में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सागर पुलिस लाइन सभागार में पुलिसकर्मियों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे बैच का सोमवार को शुभारंभ किया गया।

**भारत एफआईएच प्रो**

एफ.आई.एच प्रो लीग के शुरूआती मुकाबले में आज भारतीय पुरुष हॉकी टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। **2024** में चीन के हुलुनबुइर में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद यह भारत और पाकिस्तान के बीच पहला मुकाबला है। **2024** में हुए मुकाबले में भारत ने **2-1** से जीत हासिल की थी।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून के **25** जून के बाद प्रवेश करने के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज जबलपुर, मंडला, दमोह और उमरिया में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। वहीं ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, बालाघाट, सिवनी, भोपाल, सीहोर, हरदा, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, इंदौर, धार, बड़वानी, आलीराजपुर और झाबुआ में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- **इन्दौर** जिले में रबी मौसम में सर्वाधिक क्षेत्रफल में बोई जाने वाली और एक जिला एक उत्पाद में चयनित इन्दौर के मालवी आलू को अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान मिल गई है।
2- **खंडवा** में आगामी मोहर्रम पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।
3- **तंबाकू** नियंत्रण और तंबाकू मुक्त युवा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आगरमालवा में कल कार्यशाला हुई । जिसमें तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा हुई।
4- **झाबुआ** कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने संभागीय चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से बामनिया क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया।
5- **कटनी** मे राज्य शासन द्वारा समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। जिसमें कटनी के 17 हजार नागरिकों ने ऑनलाइन, लिखित, रूप से अपने सुझाव शासन को प्रेषित किए।
6- **डिंडौरी** में जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जिले में जल संचय और जनभागीदारी के माध्यम से किए गए कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है।

-------------